* ॐ *

# सहज मार्ग

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।
( उठो ! जागो ! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो )

## प्रार्थना

हे नाथ ! तूही मनुष्य जीवन का ध्येय है,
हमारी इच्छायें हमारी उन्नति में बाधक हैं,
तू ही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है,
बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है ।

O, Master !
Thou art the real goal of human life,
We are yet but slaves of wishes,
Putting bar to our advancement,
Thou art the only God and Power,
To bring us upto that stage.

# सहज-मार्ग
# SAHAJ MARG

Bi-monthly. Spiritual Registration No. R.N. 12620/66

Volume XXIII No: 5 September 1980

Grams: SAHAJMARG Phone: 2667

**Shri Ram Chandra Mission**
SHAHJAHANPUR. U. P. (India) 242001

Vol. XXIII *All rights reserved* No. 5
Editors: September 1980
Sri P. Rajagopalachari Yearly Subscription Rs. 12.00
Dr. S. P. Srivastava, M.A. Ph.D. Single Copy Rs. 2-50

# CONTENTS

English.—

1 Physical & Spiritual–by N.S.R. Anjaneyulu 1
2 Master's Role–How long–by P.S. Venkatasubba Rao 4
3 Do we deserve Master's Grace–by Ram Das Singh 7
4 Secrets of success revealed by Master–by C S.Sanwal 10
5 Feeling his holy presence–by Maheshwari Dayal Singh 12
6 The practice of Sahaj Marg–by Y.N.V. Murthy 13

हिन्दी–

१ तनावों से मुक्ति कैसे–राजयोग के संदर्भ में
श्री आर० एन० कंचन, अग्रेजी प्रवक्ता, रामपुर १
२ लक्ष्य और लगन-श्री प्रेमकुमार गुप्त, बरेली ५
३ आत्म-निवेदन–श्री जे० पी० पाठक, लखीमपुर—खीरी ८
४ सहज-मार्ग की सहजता–श्री राम दासिंह, रीवेलगंज-सारन-बिहार ९
५ देवपुरी ललचाती है !–श्री रमेश सक्सेना, गाजियाबाद १२
६ जंगल में मंगल–श्री श्रीराम श्रीवास्तव, 'फराग' लखनऊ १३
७ अक्षय जीवन–श्री रमापति डींगर, सीतापुर १७
८ अनन्त यात्रा १९

# Instructions for Annual at CENTRE

1. The function may be called "FOUNDER'S DAY CELEBRATIONS" as this gives the idea of beloved Master and also the celebration concerning his life and work.

2. Delhi Centre may celebrate this function annually on the last Sunday of September.

3. It should be celebrated as a local celebration and restricted to a single day with programme consisting of morning meditation followed by a few talks. The day may be devoted to sittings. In the evening there will again be meditation followed by a few talks by experienced speakers to which you may invite members of the public of your choice, i.e. it will not be a public function as such but selected members may be invited.

4. Expenses may by met out of general funds of the Delhi Centre limited to a minimum ensuring that adequate collections are forthcoming to meet the expenses of the celebration.

5. Invariably you should follow the practice of inviting Rev. Master to preside leaving it to him to nominate some body to preside if he chooses. If anyone other than the Master is to preside, then the expenses of such a person may be met by your centre.

# Physical and Spiritual

(N.S.R. Anjaneyulu, Kavali)

To the uninitiated person the Physical world is something concrete, close by and real while the Spiritual is something nebulous, other worldly and abstract. To him, God is still farther away in heaven or confined to a temple, a sacred place, a mantra or some such ritualistic worship. Such 'religious men' isolate the worldly from Godly and attempt to adopt worldly means for material problems and religious means for problems of the soul. But, how far is this demarcation true ? Where does the physical end, and where does the spiritual begin ? To those few persons with practical attainments in spirituality, this world is a part of the Divine. The physical has no independent existence of its own. It is supported and guided as our Upanishads assert by the all Pervading Spirit. The body, senses, intellect and life, the so called physical and the problems they have the so called worldly–do not in the real sense exist independent of the Spirit. So whatever happens in the "Worldly affairs" to an abhyasi is a part of his spiritual training and progress. For an abhyasi with considerable experience the physical is but the manifested phase of the spiritual, and it is the spirit alone that pervades, moves and abides in the physical. We may as well infer that a true mark of spiritual advancement is the permeation of the spirit into the physical, and the gradual

but permanent dissolution of the earlier demarcation between the two worlds.

Any other conception or compromise leads inevitably to serious deceptions and pitfalls in our practice. If Rev. Master were to be our spiritual guide with no concern for our "worldly life". if the Prarabdha samskars were under the control of a different law or god, and if Master operates on the soul alone without even turning to the mental and physical-well, then the Ten Commandments are not necessary. If we have to pray to one god for health, another for wealth, another for prosperity yet another for casting away the evil effects of planets etc., while continuing to accept Master for our soul's care, this is the worst form of modern polytheism. Is not the Ultimate capable of looking after the whole gamut of human life, once It attracts us and accepts the responsibility ? Is it not compassionate enough to attend to our genuine problems of life while solving the very "problem of life" ? Rev. Master's own words that He offers Himself to those whom He attracts; the statement of the Gita–charya that he will look after the 'Yoga and Kshema' of His devotees; the words of Jesus, "Seek the Kingdom of God; everything will be added unto thee"; and the affirmations of great souls all over the world plainly show that God is willing to accept us–the whole of us. He is certainly capable and willing. But alas ! we are neither capable of, nor willing to, entrust the whole of our being to Him. We want Him to grant us the higher spiritual conditions but we want to struggle for higher positions and more comforts in life. Heart is His: Head is ours ! How long can this dichotomy continue ?

It is worth remembering the Sufi story, "Spare room", in this context. A gentleman had to sell his house due to



pressing financial problems. The sale was over. The new owners came to take possession of the house. The gentleman requested the owners to spare him a small room, pleading his inability to leave the house all of a sudden. He further requested that the owners should have nothing to say to whatever he might do in the small room. Out of sheer compassion the owners agreed to the condition, and spared a room to him. All was well for sometime. Later, being a carpenter by profession, the gentleman started working day and night in his room and the poor owners had to put up with all the noise and disturbance. One fine morning the gentleman kept a dead cat in the room, locked it, and slipped away silently for a few days. The unbearable stink of the dead cat made habitation impossible for the owners. But, since the original agreement binds them against interfering with the activities in the spare room, the owners had no option other than to leave the house for good.

The moral of the story is obvious. Let us not convert our so called worldly life into the "spare room" and force Divinity to leave the house. Let us, by Master's grace, learn to accept Him as the Lord and Guide of both the worlds.

# Master's Role - How Long

( P.S. Venkatasubba Rao, Tumkur )

In an article in 'The Vision', Swami Ramadas writes about the possibility of danger by contact with saints as follows:–

"Seek the company of saints by all means; but do not remain indefinitely with them. The adage, 'Familiarity breeds contempt, applies even to their case—He may for a brief period remain in their contact and thereby drawing inspiration and guidance, get himself thoroughly awakened to the consciousness of the Indwelling Reality. It would be well for him to depart from them before the light and inspiration that he has received diminishes or disappears. There are many cases known to the writer and many others of which such continued dwelling in the Company of Saints has not only cooled down the ardour and inspiration of the seekers but also turned them into scoffers and scaptics. The fall of a Sadhak fron faith, purity and aspiration does him incalculable harm."

The above passage was read out to Sri Ramana Maharishi and he was requested to say if contact with saints could be a danger. The Maharishi paused for a while and then quoted a Tamil stanza which says that contact with Guru should be kept up till videhamukti is achieved. This raises an issue viz; the relation between the guru

(Master) and the disciple (abhyasi) during Sadhana and after he has been connected with God. It seems to me that the question has been more satisfactorily answered by Babuji. It highlights the importance and greatness of the Master in the matter of realization. When an abhyasi's link with the Master even after he has been connected with God by the Master was discussed Babuji suggested that at this stage it was upto the abhyasi to retain his link with the Master or to go on by himself. For those who need the Master's help even beyond this stage it is always available.

Two facts emerge from the Master's pronouncement in this matter [1] The Master is ever ready at any stage or time to be at the service of the abhyasi. In other words the Master would like to keep his link with the abhyasi for ever. Who will not appreciate this as the highest concept of Masterhood? (2) The reciprocation to such an attitude should manifest itself in an eternal surrender to the Master by retaining a permanent link with the Master Acharyah Santa may janmajanmani Says the Sanskrit prayer, To think of cuttig away from the Master on reaching the goal as suggested by Swami Ramadas can be considered as ingratitude, and lack of full realization of what a Master of highest calibre is. Ipso facto such an abhyasi has not attained ultimate Reality. Sister Kasturi observes "Even after direct link with God, it could lead to the possibility of Ego developing if the abhyasi is not careful." The possibility of the development of the Ego is indicated in the Bhagwad Gita Shri Krishna suddenly disappears from the Gopis who began to think that Sri Krishna could hardly get on without them, The Gopis then searched for Krishna frantically. And when Krishna reappears, and the Gopis asked him why he mysteriously disappeared, the Lord said it was to make them humble and dispel their Ego. "We have to be extremely cautious and see that we do not indulge in the supreme mistake of abandoning the Master'. She relates a vision of hers where even after being put into contact with God, the soul of the abhyasi was repeatedly thrown back to the Master. The author of My Master legitimately concludes "If an abhyasi has sincerely and devotedly loved the Master, there can never be any thought of cutting his link with the Master. The true connection with the Master is an eternal one whatever stage of spiritual growth the abhyasi may have attained, since the need for Master's help and guidance is ever present."



+

M/s. **Aluminium Industries**

Assam (Pvt.) Ltd.

UDYOGNAGAR,

Tinsukia, Assam

# Do We Deserve Master's GRACE ?

( Ram Das Singh )

Sahaj Marg stands for complete oneness with the Absolute in the shortest possible time. The method prescribed for the purpose is Meditation cleaning and Submission to the Master. If it is done regularly the capacity of the Abhyasi increases, and divine power flows into the abhyasi without any effort on his part and without undue pressure on the Master. When this line of action is not working properly, there is something wrong.

In order to find out the wrong point. let me be a bit personal and subjective.

I was admitted to the Sahaj Marg system in 1962. In the beginning, my Sadhana was satisfactory and progress was spontaneous. In 1964, I was granted Preceptorship by the Master. Since then an evil idea accuplied me so overwhelmingly that I diverted the divine power of the Master for petty worldly gains, ghost-hunting and to such other anti-spiritual purposes. Time and again, I was warned by the Master in His way of indirect and gentle language which my foolishness did not appreciate.

Had such a non-comformist and turbulent man been in any other Institution, he would have been expelled without

delay. But our Babujee tolerated all my misbehaviour for a long period of 18years, till I came back to my senses.

When I visited Shahjahanpur last March, he visited the Ashram untimely to see me. He is so kind to me how have I been to him? The sense of complacency that Master will do all for me, abuse of the power, irregular sadhana are the reasons which make us undeserving.

Along with our training for spiritual elevation and salvation He has to perform the duties of nature. Crores of sincere abhyasis will make Him happy but a few stony-hearted miscreants like me are not only burdensome but also injurious to the sanstha and the humanity at large.

Master says, "There is yet another difficulty for me and it is that most of my time remains occupied with you all, on account of which I do not get sufficient time to devote to the godly work of a general nature. But who are those who keep me thus unnecessarily occuplied? They are mostly those who have not in them the least craving for the divine in the true sense. If they only manage to "submit" in proper sense, much of my time can be saved. No doubt they want to have it, but they do not devote themselves to it with love and devotion, though I for my part do not mind this in the least, since I feel myself ordained to it. If they only take pity on me for all my services even then I may have a chance to save some of my time to devote myself to other affairs. If an abhyasi makes himself as he must be by himself will begin to draw it out of me.

(Voice Real p.21-22)



These lines indicate how and why unworthy we are. It is high time for us to give up laziness, complacency and misgivings and prove worthy sons (abhyasis) of the worthy Father (Babujee). Letus see that we do not miss the bus.

In the service of Divine Master

CUDDAPAH OIL &
Paint Industries
Industrial Estate
Cuddapah—516004 (A.P.)
Manufacturers of-Popular Nartaki Brand paints & C pilac Brand Super Synthetic enamel paints, Cop Brand Varnishes, and French Polish.

# Secrets of success Revealed By MASTER

(Compiled by C.S. Sanwal)

1–Submission is the secret of success.

2–Suppose Master's thought is lost for a moment, I cannot live. Death will be the result. I tell you the secret.

3–One on the path of spirituality should be as light in mind and spirit as possible, He should be free from even the weight of the feeling of what he is after. This is in fact the real secret of a strong will which I disclose to you to day. In such a case whatever thought gets settled in, shall have its action. Permanency in this state is an attainment of a high order.

4–Divine grace is flowing with force. Such a time may not be repeated during the course of thousands of years. Even a little sacrifice today may count much in bringing forth the best results.

5-I had no object of realising God. I was blind to everything except my Master. His image alone was implanted deep, deep within my heart. I never looked to anything but

to His form. All that I craved for was the attainment of end like his, nothing short of that and nothing beyond. Mad with love I had lost my power of vision for all things. His every Gesture was to me the revelation of Divine mystery, his every word a volume of spirituality, and his every action the exposition of the 'Unknown', I was in complete submission to his will and could never think otherwise even for a moment.

6–I had no time to spare for brooding over unnecessary things. It was all due to the sense of feeling-lessness which got developed in me through the kind grace of my master. This is in fact the WONDER OF MAN–WORSHIP.

7–To love both guru and God is impracticable. Ignore either. Swami Vivekananda reminds, "Know thy guru as Brahm." That is the only solution.

8–Humanity and divinity must go along side by side. That is my view of 'Perfection.' It is for this reason that they say that God is within men. Thus our ultimate purpose can be solved only when we keep pace with divinity and line it with our line of humanity. All that we have to do is to bring them now into their original state or, in other words, to restore them to a state of poise and tranquillity. The only way to accomplish it is by introducing into them proper moderation, and we do the same in Sahaj Marg. This is the secret of nature which I have exposed herein.

9–Really speaking only those persons get divine grace to whom He himself wishes to give it. This is a most important secret.

10–One more secret worth a lakh of rupees–there is only one way. Love him so much that he begins to love you.



# FEELING HIS HOLY PRESENCE

(Maheshwari Dayal Singh Srivastava, Gorakhpur)

I feel the warmth of your holy presence
Along the cold air under the quilt
Perceive do I your graceful form
In depth of heart in the physical built,
You are there, your smile is there,
Your ever–silencing attitude is there.
In constant touch with the Real Ultimate
Your highly elevated subtle thoughts are there.
Your loving Kiss ever on my fore–head
I feel with the rapture of awe and love
From darkness, MASTER ! Take us ahead
To light Eternal and Heavens Love !
Let your Divinity and all–draped Humanity
Enlighten apace our spiritual path
And wipe off vice of engulfing vanity
Shedding all hatred and sluggard sloth.

# The practice of Sahaj Marg

(Y.N.V. Murthy, Vijayawada)

A few years ago a senior monk of the Sivananda Order, Rishikesh, speaking at Hyderabad, said that the people of Australia and some other foreign countries were greatly interested in learning yogasanas and were joining the Yogasana schools run by our people in those countries in large numbers. He added that in our country we do not need any training in yoga as we are all born Yogis. While this might be an exaggeration, it cannot be gainsaid that our people by and large follow Jnana Yoga, Bhakti Yoga or Karma Yoga, the three better known systems of Yoga. But Raj Yoga. or the King of Yogas in which thought power plays a predominant part and which existed in India since very ancient times had almost been forgotten until it was revived towards the end of the last century by our Grand Master Lalaji Sa heb, but in a modified form. This modified form of Raj Yoga was Yogic transmission through Pranahuti and on account of its simplicity it was termed Sahaj Marg or the natural path to God Realisation. Lalaji's work is being continued and further research in the field of Sahaj Marg is being done by his spiritual successor, Shri Ram Chandrajee Maharaj of Shahjahanpur. Babuji founded the Shri Ram Chandra Mission in 1945 the year in which the devastating world War II came to an end as a result of the Allies dropping atom bombs on Hiroshima and Nagasaki and mankind was yearning for peace.

Pranahuti is a great power which flows incessantly from the Master to the Abhyasis. Master is God who has descended to earth in human form. Man has to endeavour to merge himself into this divine personality. To achieve this objective man has to become receptive to Master's transmission by shedding all grossness from his system and becoming subtler and subtler. Subtleness leads us to God Realisation and in the Sahaj Marg System Realisation can be achieved in one life, nay even in a part of a man's life by diligence. An Abhyasi aspiring for the highest alone can said to be a member of the Shri Ram Chandra Mission.

Again to achieve subtleness our Master has shown us the five fold path of morning meditation, evening cleaning process, bed time prayer, constant remembrance of God, and following the ten Commandments of Sahaj Marg.

Sahaj Marg is essentially a spiritual movement, but it is also a way of life. An abhyasi need not become a recluse or be a celibate to practise it. We can be a householder and develop detachment. All the activities of his life are regulated for moderation is the basis of spirituality. The Ten Commandments besides giving guidelines for leading a spiritual life enable a man to regulate his social behaviour and personal life. Besides this, in the sayings of Lalaji and Babuji we have ample material which helps us to lead a better and useful life.

A Mission School in which I studied at Hyderabad had for its motto 'In all things be Men'. But the basic tenet of Sahaj Marg is that in all things we should be divine.



What comes in Sahaj Marg is not seniority but sincerity. A sincere follower of this system becomes fearless and fearlessness is the hall mark of a Realised Soul. A Realised Soul takes right decisions and can meet any situation in life.

The Shri Ram Chandra Mission is like the Life Insurance Corporation of India. We take a policy with this unique Corporation by commencing meditation with a preceptor on three consecutive days. We offer our premia to our Master who is like the Managing Director of this Corporation by following the five fold path of Spirituality mentioned by me earlier. It is upto us to keep our policy in force by regular sadhana which consists in attending the weekly Satsanghs and Individual sittings, and doing the spiritual practice at home. When our policy matures we return to our Homeland from which there is no return.

आकाश वाणी के रामपुर केन्द्र द्वारा २५-३-८० को प्रसारित

# तनावों से मुक्ति कैसे—राजयोग के संदर्भ में

(श्री आर० एन० कंचन, अंग्रेजी प्रवक्ता सुन्दरलाल इण्टर कालेज रामपुर)

आज का आदमी तमाम कुँठा और तनावों का शिकार है। मनुष्य अपने को अकर्मण्य, अकेला और बेसहारा सा पाता है। मानवीय मूल्यों के प्रति उसके हृदय में उदासीनता और अरुचि पैदा हो जाती है और उसके मन, हृदय और मस्तिष्क में एक तनाव बना रहता है जिसका प्रभाव उसके स्नायुमण्डल पर पड़ता है। उसकी शारीरिक ग्रन्थियों से जीवन दायी रसों का प्रवाह शिथिल और अस्थाई हो जाता है। इससे रक्तचाप अस्थिर और असामान्य हो जाता है। वह अपने दैनिक कार्यों में हर समय उत्तेजित एवं असन्तुलित दिखाई पड़ता है। एक प्राचीन कहावत कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, आज के युग में बदल गई है – स्वस्थ मस्तिष्क से ही स्वस्थ शरीर रहता है।

आज मनुष्य अपनी इस बिगड़ी हुई मानसिक दशा का उपचार दवाओं द्वारा ढूंढ़ रहा है। इसी कारण वह विभिन्न प्रकार की नशीली गोलियों और नशीले पदार्थों का सेवन करता है किन्तु इनके प्रयोग से स्थिति और खराब हो जाती है, जिसे इस प्रकार कहा जा सकता है कि "मर्ज बढ़ता गया ज्यों,ज्यों दवाकी"। यह दवाये उसमें शारीरिक दौर्बल्य, शिथिलता, कमजोरी विस्मृति आदि अनके शारीरिक व मानसिक रोगों को जन्म देकर उसके स्नायु मण्डंल को और अधिक खराब कर देती हैं। तनावों का दूसरा उपचार योग की क्रियाओं द्वारा किये जाने की कोशिश की जा रही है। इस दिशा में जो प्रयोग किये गये हैं वह पूर्ण रुप से सफल नहीं हो सके–कारण वे हमारे जीवन के अनुकूल व व्यवहारिक सिद्ध नहीं होते हैं। उन्हे सामान्य व्यक्ति अपने गृहस्थ जीवन में नहीं अपना सकता और न हो उनका

अभ्यास इस व्यस्त जीवन में सम्भव है । इन क्रियाओं में विशेष रूप से आसन और प्राणायाम को अपनाकर मन को बलपूर्वक एक ओर केन्द्रित करना पड़ता है । मन को जबरदस्ती दबाना और कुचलना पड़ता है ओर शरीर को भी उसी के अनुकूल ढालना पड़ता है और कष्ट सहन करना पड़ता है । श्वास क्रिया को नियंत्रित करने का अभ्यास करना होता है । इस सब का परिणाम यह होता है कि थोड़ी सी भी त्रुटि या असावधानी से बहुत बड़ा अहित होने का भय लगा रहता है । पश्चिमी देशों में तनावों को दूर करने में मनोवैज्ञानिक चिकित्सा को बहुत प्रोत्साहन दिया गया है । मनोवैज्ञानिक चिकित्सा सर्व साधारण के लिये उपलब्ध नहीं हो सकी है । साथ ही हर जगह इसका विकास भी नहीं हो सका है । इसके द्वारा उपचार न तो एक सफल प्रयास ही सिद्ध हुआ है और न ही यह कम खर्चीला है । आइये, अब हम राजयोग के संदर्भ में ध्यान के द्वारा मानसिक व सामाजिक तनाव दूर करने के उपाय पर 'विचार करें ।

राजयोग में मन कोही नियन्त्रित करना होता है । यह कार्य ध्यान के द्वारा किया जाता है । ध्यान का अभ्यास करते समय स्नायु मण्डल को विल्कुल ढ़ीला छोड़ना होता है । ध्यान के समय हम हृदय में ईश्वरीय प्रकाश की उपस्थिति का अनुभव करने का प्रयत्न करते हैं । इस बीच बाहरी विचार कुछ परेशान अवश्य करते हैं किन्तु उनकी ओर ध्यान नहीं दिया जाता । इससे अन्तर यह आता है कि हमारा मन बाहिरी विचारों से हटकर अन्तर्मुखी होने लगता है जो उसमें तनाव पैदा करते हैं । ध्यान के अभ्यास में प्राणाहुति का बड़ा महत्व है प्राणाहुति वह आध्यात्मिक शक्ति है । जो इस सारी दुनियाँ में प्राण रूप में समाई है । ध्यान सिखाने वाला उस शक्ति के प्रयोग से व्यक्ति के मन और बुद्धि पर पड़े बोझ को साफ करके उसके स्नायुमण्डल को नई शक्ति से भर देता है । इस प्रकार व्यक्ति अपने अन्दर हल्कापन, उत्साह और प्रसन्नता का अनुभव करता है । प्राणाहुति की सहायता से ज्यों—ज्यों वह ध्यान के अभ्यास में आगे बढ़ता है वैसे-२ उसकी इच्छा शक्ति या Will Power मजबूत होने लगती है जिससे उसमें एक दृढ़ता आती



है । ईश्वरीय प्रकाश का ध्यान मन में एक नई आस्था को जन्म देता है और वही व्यक्ति जो अपने को चिन्ताओं, कुण्ठाओं का शिकार समझता था वही एक नई चेतना से भर उठता है । तब उसे जीवन निरूद्देश्य नहीं लगता बल्कि उसमें एक लक्ष्य को पाने की इच्छा जग उठती है यह लक्ष्य राजयोग के अनुसार उस परमशक्ति से मिल जाना है जिस का सारे संसार में प्रसार है । भौतिक इच्छाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति ही जीवन का लक्ष्य नहीं हो सकता, यह उसे स्पष्ट होने लगता है. उसे अपनी अज्ञानता वश मिलने वाली असफलताओं और विफलताओं के प्रति सजगता और दिशा निर्देशन करने के लिये एक रोशनी व ज्ञान मिलने लगता है ।

आज मनुष्य इसी लिये तनाव ग्रस्त है क्योंकि उसे जीवन में कदम कदम पर विफलतायें मिलती हैं जो उसमें विभिन्न प्रेकार के शारीरिक और मानसिक विकारों के बीज बोती रहती है । वह अशान्त रहने लगता है । उसके मनका सन्तुलन बिगड़ जाता है और उसका जीवन असन्तुलित हो जाता है । इस प्रकार राजयोग की सीधी सहज ध्यान पद्धति उसे शान्ति देती है और उसके असन्तुलित जीवन को सन्तुलित करती है । उसमें नैतिक मूल्यों के प्रति आस्था और आध्यात्मिकता के प्रति रूचि बढ़ने लगती है । जीवन में आध्यत्मिकता के विकास होने पर वह अपने जीवन को व्यवस्थित कर लेता है और अपने जीवन को कुशलता पूर्वक सही रूप में निर्वाह करना सीख लेता है । अर्थात उसके जीवन के सांसारिक और आध्यत्मिक पहलू सन्तुलित हो जाते हैं । उसके स्नायुमण्डल का भारीपन, रक्तचाप की अस्थिरता और असामान्यता आदि फिर उसे परेशान नहीं करता । उसके बहुत से शारीरिक रोग विशेष रूप से हृदय सम्बन्धी रोगों का भी प्राकृतिक ढ़ंग से सरलता से ध्यान पद्धति पर अभ्यास करते हुये उपचार हो जाता है । राजयोग में गृहस्थ जीवन में कोई बाधा नहीं है । व्यक्ति अपने परिवार, सामाजिक उत्तर दायित्वों को निभाते हुये इसके सहज मार्ग पर चल सकता है । इसी लिये आज इसे सहज मार्ग पद्धति भी कहते हैं । इस ध्यान प्रक्रिया में नियमित रूप से किसी भी आसन में बैठकर प्रातः आधे घन्टे से एक घन्टे तक हृदय में

ईश्वरीय प्रकाश पर ध्यान किया जाता है। संध्या के समय आधे घन्टे के लिये आत्मिक सफाई की जाती है जिससे कि वह अपने स्नायुमण्डल पर दिन प्रति दिन पड़ने वाले दबाव और तनाव के संस्कारों से स्वच्छ हो सके। जिस प्रकार हम बाहरी शरीर जल से धोकर साफ करते हैं उसी प्रकार अन्दर की सफाई भी उतनी ही आवश्यक है। इस प्रकार हम अन्दर से अपने विकारों को स्वयं दूर करते हैं और उसके स्थान पर पवित्रता का विकास करते जाते हैं। सोते समय ईश्वर को सम्मुख मानते हुये अपने को प्रार्थना में उसके प्रति समर्पण कर देते हैं कि वह हमारी सहायता करे, हमारी इच्छाओं को सन्तुलित करते हुये साधना की बाधायें दूर करे और ज्ञान देकर मानव जीवन सफल करे। इस प्रकार ध्यान पद्धति के तीन अंगों पर चल कर प्रत्येक स्त्री पुरूष चाहे वह किसी वर्ग, आयु स्थान या क्षेत्र का क्यों न हो बिना कुछ खर्च किये हुये अपने ही घर पर अभ्यास करते हुये तनावों से मुक्ति पा सकता है। यह ध्यान पद्धति इसी लिये दिन प्रति दिन देश विदेश में अपनाई जा रही है और अधिक से अधिक लोग लाभ उठा रहे हैं।



# लक्ष्य और लगन

(श्री प्रेमकुमार गुप्त, बरेली)

मनुष्य जीवन का लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति है, पर केवल कुछ ही मनुष्यों ने इस परम तत्व की ओर ध्यान दिया है। इसका कारण पिछले संस्कार और वातावरण ही है। परम पूज्य बाबूजी के शब्दों में लक्ष्य के सही मतलब सहज मार्ग के नियम नं० ३ में वर्णित लक्ष्य से कम नहीं होना चाहिये; "प्रत्येक भाई को चाहिये कि अपना ध्येय अवश्य निश्चित करले और वह यह कि ईश्वर तक पहुँच कर उसमें लय अवस्था प्राप्त करके पूर्ण स्थिति प्राप्त करलें और जब तक यह बात प्राप्त न हो चैन न आये।" इसके बिना मनुष्य जीवन अधूरा, अपूर्ण एवं पशुवत् है।

समय जाने के बाद वापस नहीं आता। एक बार पूज्य बाबू जी ने कहा, "बहुमूल्य जीवन को रुपये की तरह खर्च नहीं करना चाहिये"। रुपया तो आगे पीछे अर्जित किया जा सकता है परन्तु समय जो मूल्यवान है, एक बार गया तो गया। इसलिये हमें हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक रहना चाहिये। अपना वतन तो वही है जहाँ हमें अन्ततः पहुँचना है। कैसा सुन्दर है वह वतन, केवल उस मार्ग पर चलने वाला ही बता सकता है। मार्ग भी सरल हो गया, जो एक लम्बे समय से कठिन था। आज ऐसे सद्गुरू मिल गये जिन्होने कह दिया: "ईश्वर प्राप्ति इसी जीवन में क्या, जीवन के एक हिस्से में हो जायगी, यदि हम अपने लक्ष्य के प्रति निष्ठावान हैं"। लगन सच्ची होनी चाहिये, वह ऐसी कि जैसे कोयला एक बार जल गया तो हमेशा जलता रहे, जब तक उस असल में मिल न जाये। इसके लिये आसान तरीका यह है कि हम सद्गुरु पर भरोसा करें और श्रद्धा से उनके बताये अनुसार अभ्यास करते जायें। शक तो मन (दिमाग) में आना ही नहीं चाहिये, यही सबसे बड़ा अवरोध है।

अक्सर अभ्यासी कहते हैं कि 'भाई १५,१६ वर्ष से साधना कर रहा हूँ, मुझे तो कुछ महसूस ही नहीं हुआ' ऐसा क्यों ? उन्होने लक्ष्य ईश्वर न बना कर कुछ ओर ही बना रखा है, और यदि थोड़ा कभी ध्यान आया असली लक्ष्य का तो उनमें लगन की कमी रही है । वे स्वयं हृदय में टटोल कर देखें तब अवश्य पायेगें कि लक्ष्य तो बनाया परन्तु उसे इतना ढ़ीला छोड़ दिया कि उस असल घर की याद कभो-कभी कर ली, जैसे जब वसन्त आया चलो शाहजहाँपुर हो आयें, या दिल्ली या अहमदाबाद में पूज्य बाबू जी का जन्म दिन है चलो घूम आयेंगे। कुछ कोशिश करके आफिस का काम लिया, चले गये (सरकारी) कम्पनी के खर्चे पर, वापस आये फिर भूल गये लक्ष्य को। लगन की बात तो दूर है । इसके विपरीत जब हम उन अभ्यासियों को देखते हैं जिन्होंने दो-तीन वर्ष की साधना से अध्यात्मिक क्षेत्र में बाबू जी के सरंक्षण में विशेष उन्नति की है तो पता लगता हैं कि इन्होने वास्तव में लक्ष्य और लगन दोनो को निष्ठा से अपनी निगाह में रक्खा है।

कभी-कभी भाई बहिनों में यह जिज्ञासा रहती है और पूछते हैं कि हम कहाँ तक पहुँच गये, किस चक्र को पार कर लिया, आगे बढ़ रहे हैं या नहीं। इस बारे में बाबू जी ने कहा है: "अगर ध्यान में मन लगता है तो समझो आधा रास्ता पार हो गया"। इसके साथ साथ जैसे हम अपनी साधना में लगन रूपी डोर से सधे रहते हैं, जो हमारा है उसी में मन को डुबाये रखते हैं तो उसका प्रतिफल यह होता है कि मन जो पहले चंचल था अब बहुत शान्त रहता है । शरीर हल्का लगने लगता है, परेशानी कोई है ही नहीं ऐसा महसूस होता है, तथा उसको पाने की चाह, तड़प व्याकुलता एवं अतृप्ति बढ़ने लगती है । ऐसी हालत यदि हमारी बन रही है तो समझिये अवश्य हम अध्यात्मिक क्षेत्र में लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं।

असम्भव तो कुछ है ही नहीं । जैसे "नैपोलियन" कहता था असम्भव शब्द मेरे शब्दकोष में है ही नहीं, क्योंकि उसमें काम को पूरा करने की लगन थी । कुछ लोग कहते हैं हममें सामर्थ्य नहीं है, हम कमजोर हैं, बीमार हैं, घर गृहस्थी में बहुत उलझे हैं, समय नहीं



है। यह सब बहाना है हमें यह समझ लेना चाहिये कि ईश्वर भी हमारे जीवन का एक अंग है । उसे पाने के लिये मन में केवल सच्ची लगन चाहिये । इस बारे में मैं अपना स्वयं का अनुभव बताऊँ । इन्जीनियरिंग में पढ़ता था । प्रथम वर्ष में स्कूल में छठे नम्बर पर आया । प्रथम चार को वजीफा (स्कालरशिप) मिल गया । मन में एक बात आयी हमने भी अपनी माँ का दूध पिया इस बार अवश्य वजीफा लूँगा । लगन से पढ़ाई की। द्वितीय वर्ष में स्कूल में दूसरे नम्बर पर आया, और वजीफा मिल गया । तो यह हुआ लगन का असर । ईश्वर प्राप्ति को हमें अपना कर्त्तव्य भी मानना चाहिये और कर्त्तव्य को निष्ठा से करना चाहिये ।

बाबू जी अक्सर कहते हैं "भई, सहज मार्ग के उसूलों के अपनाने में क्या दिक्कत है। बड़े आसान हैं"। उधर ध्यान दें तो कोई कारण नहीं कि उनको जीवन में उतारने में हम पीछे रह जावें। उस परम तत्व मालिक को हमेशा निगाह में रक्खें और हृदय में चिंगारी की तरह तड़प पैदा करें । तड़प पैदा न हो तो इसके लिये "श्री बाबू जी" के समक्ष हाथ जोड़ कर रोयें, प्रार्थना करें कि आप समर्थ हैं, आप ही हमारे अन्दर उससे मिलने की तड़प पैदा कर दे। जब लक्ष्य के प्रति उसकी चाह में ईमानदारी होती है तो मालिक कृपा का द्वार सतत रूप से हमारे लिये खोल देता है और सफलता हमारे कदम चूमने के लिये सदैव तैयार रहती है ।

हमें यह भी समझ लेना चाहिये कि संसार विनाश के कगार पर खड़ा है । घन्टी बज चुकी है, समय भी बहुत कम रह गया है। सफाई हो रही है । "पूज्य बाबू जी "सहज मार्ग" रूपी नाव लिये हमें उस पार करने के लिये खड़े हुये हैं । यह हम पर निर्भर है कि उस नाव में श्रद्धा से पैर रक्खे कि पार हो जावें।

लगन रूपी पतवार ऐसी हो कि सदैव नाव चलती रहे । फिर लक्ष्य दूर नहीं, किनारा अवश्य मिलेगा। हम सब अपने लक्ष्य की ओर सैजग हो जायें और व्यर्थ की बातें छोड़ कर सच्ची लगन से उसी में खो जायें।

"पूज्य बाबू जी" ऐसी ही प्रेरणा हर बहिन भाई को दें कि शीघ्र ही हम अपने लक्ष्य को पालें, और हमारा सारा ध्यान कार्य करते समय भी"लक्ष्य में" लय रहें ।

# आत्म-निवेदन

[ श्री जे० पी० पाठक, लखीमपुर-खीरी ]

मइया रंग दे चुनरिया मोरी साँचे रंग में ।। १ ।।

साँच रंग में, सहज रंग में, रंग न भावे कोई
बाबू जी मेरे हृदय विराजे सारी सुधि बुधि खोई
छाई प्राण की बदरिया भरी साँचे रंग में ।।मइया.........।।२।।

तीन तार की बनी चुनरिया पाँच रंग में भीनी,
साँई को मेरे रंग न भावें सहज रंग रचि दीनी
भर दी प्राण की बयरिया मोरे अंग अंग में ।।
मइया .... .... .... .... .... .... ... .... .... ।। ३ ।।

आए हैं बाबू जी लेकर सहज प्राण की डोली,
चादर में मेरी आग लगा दे, माँग सहज की रोली,
होली आई है वसन्त भरी साँचे रंग में ।।
मइया .... .... .... .... .... .... .... .... .... .... ।। ४ ।।

सहज सुरति की सरिता निर्मल, प्राण वसन्ती धारा,
वसन जला के कूदी जायें, सूझे नहीं किनारा-
पारावार विन क हूँ मैं अपने साँई संग में,
मइया रंग दे चुनरिया मोरी साँचे रंग में ।। ५ ।।

# सहज-मार्ग की सहजता

(श्री राम दास सिंह, रीवेलगंज-सारन-बिहार)

महाकवि रवीन्द्र नाथ ठाकुर गीताजंलि के रचयिता एवं नोबुल पुरस्कार विजेता बन गए । आखिर इतनी महानता उनको कहाँ- से मिल गई ? प्रकृति से ।

प्रकृति दैवी शक्ति का भण्डार एवं ईश्वरीय योजनाओं की संचालिका है । फिर भी इसमें गोपनीयता एवं रहस्य नाम की कोई चीज नही है । इसके नियम अपवाद रहित हैं । इतनी सहजता, इतनी सरलता और इतनी स्पष्टता होने पर भी इसे पहचानने एवं इससे शिक्षा ग्रहण करने का अवसर न्यूटन जैसे वैज्ञानिक एवं रबि बाबू जैसे कतिपय व्यक्तियों को ही प्राप्त हुआ ।

नदी प्रकृति का एक अंग है । यह दो किनारों के बीच सीमित होकर अपने गन्तव्य स्थान समुद्र की ओर बहती हुई तब तक विश्राम नही करती जब तक समुद्र में मिलकर अपने अस्तित्व को विलीन नहीं कर देती । अपने प्रवाह काल में नदी का आकर्षण दोनों किनारों में किसी पर भी विशेष रूप से नहीं रहता है । जो भी किनारा प्रवाह में बाधक होता है उसे या तो नदी तोड़ देती है उससे दूर हट जाती है । जल का जो भाग मुख्य धारा से अलग गोखुर झील [ox-bow lake] की तरह रह जाता है उसकी भी चिन्ता नदी नही करती तथा जो सहायक नदियाँ मिलती है उन्हे साथ ले लेती है । इस तरह नदी एक महान शिक्षा देती है कि मुख्य उद्देश्य की ओर अग्रसर होना, बाधा विघ्नों से विचलित न होना, अनावश्यक चीजों का परित्याग एवं सहायकों से बिना भेदभाव का मिलन ही जीवन का वास्तविक मार्ग है ।

सहज मार्ग साधना नदी के समान ही प्राकृतिक एवं स्वाभाविक पद्धति है। संसारिकता एवं अध्यात्म जीवन के दो किनारें हैं। जिस प्रकार बिना दो किनारों के नदी की कल्पना भी नहीं हो सकती वैसे ही सांसारिकता एवं आध्यात्मिकता के बिना मानव-जीवन मानवता से पृथक कुछ दूसरा ही हो सकता है। प्राचीन युग में एवं आज भी लोग यह विश्वास करते हैं कि सांसारिकता से पृथक हो जाना ही अध्यात्म की ओर अग्रसर होने का साधन है। लोग परिवार एवं सामाजिक दायित्वों को त्यागकर मठ एवं कुटी में चले जाते हैं। लेकिन जीवित प्राणी भला भोजन, निवास स्थान एवं वस्त्र के बिना कैसे रह सकता है। ऐसी स्थिति में संसार छूटा कहाँ? यह बात मेरे समझ में आज तक नहीं आ सकी कि जिस राम, कृष्ण आदि अवतारों की लोग अराधना करने के लिए संसार का त्याग करते हैं- वे स्वयं संसारी एवं पारिवारिक जीवन व्यतीत करते थे।

सहज मार्ग इन दोनो किनारों-संसार एवं अध्यात्म को साथ-साथ ग्रहण करता है। जिस दिन अभ्यासी सहज मार्ग की दीक्षा ग्रहण करता है उसी दिन बाबू जी अभ्यासी के जीवन का पूर्ण दायित्व ग्रहण कर लेते हैं। लेकिन किसी भी समझौता (contract) के लिये प्रस्ताव (offer) एवं स्वीकृति (acceptance) का होना आवश्यक है। अत: बिलम्ब हम लोगों के कारण ही होता है। हम बाबू जी के पूर्ण जीवन ग्रहण के प्रस्ताव को अपनी स्वीकृति बहुत देर से देते हैं। मुझे स्वयं इस साधारण सी बात को समझने में १८ वर्ष लग गये जबकि १८ वर्ष में इस मार्ग द्वारा अभ्यासी मंजिल को ही पा लेता है। सीधे पथ पर भी वक्रगति से चलना एवं सहज काम को भी जटिल बना दे यह मनुष्य की कमजोरी है।

अत: प्रथम प्राणाहुति के दिन ही हमें अपना सांसारिक एवं आध्यात्मिक दायित्व बाबू जी के हाथों समर्पित कर देना चाहिये। हमारा कर्त्तव्य मात्र अपने लक्ष्य का स्मरण और उसकी ओर निरन्तर गतिशील बने रहना है। गतिशीलता से मेरा मतलब नियमित अभ्यास एवं सतत् स्मरण से है।



बीसवीं शताब्दीं का उत्तरार्द्ध यानि वर्त्तमान का समय आध्यात्मिक दृष्टि से अनुपम है। ऐसा समय सदियों तक फिर मिलने वाला नहीं है। इसका एक मात्र कारण उस दिव्य पुरुष की उपस्थिति एवं सर्व सुलभता है। जो आज तक के सन्तों से कहीं दूर एवं ईश्वर का पूर्ण स्वरूप ही है। बाबू जी ने इस तथ्य की ओर स्पष्ट शब्दों में संकेत किया है (The voice Real–The light burns on) लेकिन एक अमरीकी लेखक के विचार पर भी ध्यान दें। जन्म लेने के लिये २० वीं शताब्दी एक उत्तम एवं चमत्कारी युग है। इसका उत्तरार्द्ध बहुत आनन्द दायक होगा। इस काल में मानव की इच्छा शक्ति का आशातीत विकास होगा और युग के अन्त में आध्यात्यिक विकास चरमोत्कर्ष पर होगा।

अभ्यासियों को इस स्वर्ण अवसर से लाभ उठाना चाहिये। ऐसा अवसर न भूतकाल में कभी आया था ओर न निकट भविष्य में मिलने वाला है। मेरी तरह वर्षो उहापोह में पड़कर समय नष्ट करना उचित नहीं।

# देवपुरी ललचाती है !

(श्री रमेश सक्सेना, गाजियाबाद)

हर अम्बर स्वागत करता है,
हर धरा बलाएँ लेती है;
मेरे मालिक के चरणों पर—
हर कली निछावर होती है ।

हर उपवन बलि बलि जाता है ।
हर फूल खुशी से झूम रहा;
हर बगिया महक बिखेर रही,
हर नदिया कल कल गाती है ।

हर बेद तक रहा अम्बर को,
हर ऋचा आँख भर लाती है,
तेरा आलिंगन करने को—
उपनिषद तरसती आती है ।

मेरे प्रभु तेरे चरणों में,
हर शीश स्वयं झुक जाता है,
तेरे आँगन में आने को—
हर देव पुरी ललचाती है ।



# जंगल में मंगल

[ श्री श्रीराम श्रीवास्तव, 'फरोग' लखनऊ ]

दिल्ली नगर से कुछ दूर पूर्वी हिस्से में किसी उजड़ी इमारत के खण्डहर नजर आ रहे थे। कहते हैं यहीं कहीं पांडवों का किला था और हुमायुँ की बहन का महल था उसके आस-पास जंगल सा था। जिसमें खुदरौ पेंड़ थे। जमीन भी नाहमबार, घास-फूस से लदी हुई कीड़े-मकोड़ों की बस्ती बनी हुई थी। मालूम नहीं कितनी मुद्दत से ये खित्ता इस हालत में पड़ा होगा। अचानक कुदरत को उस पर तरस आया, और ईश्वर ने एक साधारण मनुष्य के भेष में वहां पधार कर अपने पवित्र पावन चरणों से उसका उद्धार किया। सुनते हैं श्री राम चन्द्र जी ने अपने समय में दण्डक बन को इसी प्रकार पवित्र किया था। जाहिर है हर चीज के होने के पहले उसका कारण बनता है।

दिल्ली में इस वर्ष पूज्य 'श्री बाबू जी' का ८१ वाँ जन्म उत्सव मनाया गया वहाँ के भाइयों ने इस ज़मीन पर यह कार्यक्रम रखने का निश्चय किया, और चन्द दिनों के परिश्रम से ज़ंगल में मंगल हो गया। निहायत सादगी से सजा हुआ यह भूखण्ड एक जगमगाता हुआ नगर बन गया, और हजारों भाई बहिनों ने दूर-२ से उपस्थित होकर इस चमत्कार में हिस्सा लिया सभी मण्डप एक कटोरे को शकल में सारे अभ्यासी जनों को गोया गोद में लिये था। सामने मंच पर श्री गुरू महाराज पधारे थे। और हर योगी उनको अपनी गोद में देख रहा था। किसी को सुध बुध न थी। न किसी को घर का ख्याल आ रहा था, न कोई फिक्र दिमाग को सता रही थी।

दूर तक कनातों से घिरे हुये शामियानें बिजली की रोशनी से सुशोभित हजारों लोगों को विश्राम दे रहे थे। खाने या नाश्ते का

उचित प्रबन्ध होने के कारण किसी को क्षुधा पूर्ति की भी चिन्ता न थी। प्रत्येक अभ्यासी सुकून और शान्ति का अनुभव कर रहा था हर एक में एक वह कैफियत तारी थी कि गोया सुध-बुध गँवाकर खोया खोया सा फिर रहा हो। इसको आध्यात्मिक अवस्था का चमत्कार न कहें तो और क्या कहें। जेठ की धूप जो शहर में चेहरे को झुलसाये दे रही है। यहाँ ऐसा लगता था जैसे उसकी तपिश गायब हो चुकी हो। अलावा इन सब बातों के, एक और महत्व-पूर्ण चमत्कार का अनुभव हुआ मुझे। वह था, गुरुदेव का दर्शन और उनकी आन्तरिक देन।

पूज्य बाबू जी महाराज उत्सव से एक दिन पहले ही दिल्ली पहुँच गये थे। लेकिन वे वहाँ से दूर अलग एक अभ्यासी भाई के यहाँ ठहरे थे। दुसरे दिन प्रातः करीब नौ बजे उत्सव स्थल पर उपस्थित हुये। तमाम दिन धूप की वजह से एक कमरे में आराम करते रहें। और सायं काल के पहले ही वापस चले गये। हर एक को आशा थी की वह शाम की पूजा में उपस्थित होंगे, परन्तु ऐसा न हुआ। सबको निराशा हुई, सब के मन मलिन हो गये। कुम्हलाये हुये फूल की तरह सबने सामूहिक ध्यान में हिस्सा लिया। प्रबन्धक समिति की ओर से सूचना मिली की बाबू जी महाराज अगले दिन दस बजे के मुख्य आयोजन में अवश्य उपस्थित होंगे। इस सूचना से सबको सुकून मिला और चेहरे प्रफुल्लित हो गये। मंच पर कार्यक्रम शुरू हुआ और सभी ने पूरे उत्साह से भाग लिया। फिर रात के अति रुचिकर भोजन के बाद लोग जगह-२ टोलियों में आध्यात्मिक चर्चा करते रहे। काफी रात तक यह चहल-पहल रही। फिर सबने विश्राम किया।

३० अप्रैल को दस बजे के आयोजन में निश्चित समय पर पूजा स्थल में सभी उपस्थित हो गये और ललचाई आँखो से मंच की ओर तक रहे थे। गोया उनकी आँखे किसी को ढूढ रही हों, कि तभी लाउडस्पीकर द्वारा आवाज आयी कि बाबू जी महाराज कुछ अस्वस्थ हैं और वह पूजा गृह में न आ सकेंगे। यह सूचना मिलते ही सबके चेहरे लटक गये। निराशा ने अपनी चादर फैला दी, और सबको



ढक लिया। दिल की धड़कनें बढ़ गई। जैसे तैसे सबने प्रोग्राम पूरा किया। अधिकतर लोग काफी मलिन हो रहे थे, और दोपहर के कार्यक्रम में ठीक तरह भाग न ले सके। जैसे तैसे दिन बीता फिर शाम आ गयी और सायं काल की पूजा का समय हुआ। सभी पूजा गृह में एकत्रित हुए, और मंच की ओर ताकने लगे। सूचना मिली बाबू जी महाराज आ रहे हैं दिल को तसल्ली हुई, कुम्हलाये हुये चेहरे खिल उठे। कुछ ही समय में गुरुदेव मंच पर पधारे। फिर क्या था सभी के चेहरे प्रफुल्लित हो गये गुरुदेव के दर्शन मिले और उनको स्वस्थ देखकर सबके दिलों को प्रसन्नता हुई।

" अदम की राह दिखाने लगी थी मायूसी
वह आ गये, कि पलट आयी जिन्दगी अपनो "

बाबूजी महाराज ने केवल पांच मिनट की पूजा कराई। ऐसा लगा जैसे कूजा में दरिया भर गया। सभी आनन्द का अनुभव करने लगे। यह एक ऐसी अनोखी हालत थी, जिसका वर्णन करना दुर्लभ था पूजा के तुरन्त बाद बाबूजी महाराज वापस चले गये, और सबको ऐसी हालत में छोड़ गये जिसमें जाग्रत अवस्था भी थी, और नींद का सा भी एहसास लग रहा था, दिल में खुशी की लहर हिलोरें ले रही थी लेकिन चेहरे फिर उदास, क्योंकि गुरुदेव फिर नजरों से ओझल हो गये थे।

मैं सोचता रहा यह सब क्या था। कितने दिनों से इस अवसर की प्रतीक्षा थी। वह आ भी गया, पर पूरे उत्साह का प्रदर्शन क्यों नहीं हुआ। यह उदासी, घबराहट, निराशा का प्रदर्शन क्यों हुआ। अचानक दिल ने जबाब दिया। "ये था बाबूजी महाराज का चमत्कार और वह भी एक अनोखा सा! कुछ दिनों के बाद इसका असर खुद ब खुद सामने होगा, और तुम अश-अश करोगे"।

दिल की ये आवाजे सुन कर मैंने पुनः यह विचार किया कि गुरुदेव ने अवश्य ही कोई नया चमत्कार दिखाया है। पहले तो खुद

को नेत्रों से अलग रखकर हमारे अन्दर उत्सुकता बढ़ाई, और फिर हृदय में ख़ला (vacuum) पैदा किया। जब अन्दर जगह बन गई, तो चन्द लम्हो में उन्होने वह अनमोल वस्तु प्राणाहुति द्वारा भर दी, जो बरसों में प्राप्त न होती। अब हमें इसके नतीजे की तरफ़ ध्यान रखना चाहिये। मालूम नहीं पाठकों का दृष्टिकोण क्या होगा! पर मैंने तो अपना अनुभव लेखनी द्वारा प्रस्तुत कर दिया।



# अक्षय जीवन

(श्री रमापति डींगर, सीतापुर)

जब याद कभी कर लेते हैं, मन में कुछ का कुछ होता है।

( १ )

यदि सूख न जाता बूढ़ी धरती का अन्तर,
तो कहो भला क्या बोझिल सावन झर पाता।
यदि पीर न पनपी होती मानव-मानस में,
तो कहो क्षमा से दामन कैसे भर जाता।
रीता रह कर यदि डूब न पाये घट जल में,
तो जीवन से क्या कण्ठ किसी का तर होता।
निर्बन्ध रिक्ति से संवर न पाता यदि अन्तर,
तो पूर्ति-दान भी कैसे कोई कर पाता।
है पाप, पुण्य का पूर्वाग्रह/उठने गिरने में भेद कहाँ?
आँधी उठती, बिजली गिरती, पर मेल कहीं तो होता है

( २ )

चित्रों की काया व्यर्थ बिन्दु रेखायें हैं,
हाँ! परा वाक् का स्वर ही गीत कहा जाता।
वाद्यों के सारे कर्कश स्वर उलझे-बिखरे,
जब मिल जाते, उनको संगीत कहा जाता।
जब बूँद बूँद कर उदधि हृदय देता उलीच,
तब अम्बर खुद को रोक न पाता झुकने से,
उजड़े उपवन की लुटी विभा से व्याकुल हो,
बीता वसन्त उलटे पावों लौटा आता।
सहयोग, समर्पण ही समष्टि का कारण है,
कुल से मिलकर ही जुज़ भी पूरा होता है॥

पद चाप उभरती दिल की धड़कन से हिलमिल
आन्दोलित मानस अपने में लय हो जाता ।
धरती, अम्बर, सब पीछे, नीचे रह जाते,
दिक्काल, विलय होते, अनन्त पथ रह जाता ।
मानस बन जाता है मनुष्य अनजाने हो,
फिर धरती पर आ जाता है धीरे-२
कुछ सोया सा, कुछ खोया सा, सुस्थिर, निष्काम, प्रपन्न हुआ,
जीता है जीवित मुर्दे सा, बालक का बचपन पा जाता
अपने प्रभु की प्रतिमूर्ति बना, सेवा करता है जगती की,
फिर जीता है अक्षय जीवन, निर्वाण मृत्यु का होता है ।।



# अनन्त यात्रा

—क्रमागत—

(पत्र संख्या १७१) लखीमपुर
ता० १०-११-५१

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबूजी
सादर प्रणाम

एक पत्र आपको लिख चुकी हूँ—उसमें आपके पत्र का उत्तर था आशा है मिला होगा । 'मालिक' की कृपा से अब जो कुछ भी अपनी आत्मिक दशा समझ में आई है सो लिख रही हूँ । यह तो शायद मैं अगले पत्र में लिख चुकी हूँ कि कुछ ऐसा लगता है कि ऊपर की दुनियाँ में तमाम फैलाव हो गया है और जान-पहचान अब उससे आगे की मालूम पड़ती है । अब न जाने यह क्या है कि अपने को करीब करीब हर समय कहीं ऊपरी दुनियाँ में स्थित पाती हूँ । मुझे तो बस ऐसा लगता है कि यहाँ सब काम करती हुई भी मैं अब कहीं और ही रहती हूं क्यों कि हर समय अपनी स्थिति या मौजूदगी हमेशा ऊपरी दुनियाँ में ही पाती हूँ और वहाँ अपनी स्थिति का जो ख्याल है बस उसे ही मैं या मेरापन कहा जा सकता है यद्यपि फिर भी एक प्रकार से अपने को उस मैं या मेरापन से आज़ाद पाती हूँ और कुछ यह भी बात है कि जहाँ पर अपनी स्थिति पाती हूँ वहाँ से अब जितनी दृष्टि जाती है सब तरफ तमाम vast और unlimited मैदान पाती हूँ । अब जो हालत आती है वह स्वच्छन्द या आजाद मालूम पड़ती है । फिर भी इधर दो तीन दिन से या तो सिर की वजह से या कुछ हाल ही है कि हालत कुछ गुमसुम सी है । शेष आप जाने ।

पूज्य श्री बाबूजी एक प्रार्थना है केवल अपना जान कर जहाँ तक हो सके इस प्रार्थना को याद रखने की कृपा कीजिएगा । आपको याद होगा कि आपने पारसाल अम्मा से कहा था कि अभी छः वर्ष का तो मैं जुम्मा लेता हूँ कि कहीं जाने का नहीं आगे ईश्वर जानें । बस कर जोड़ कर आपसे यही प्रार्थना है कि इसको कृपया भूल न जाइएगा याद रखिएगा । शेष कुशल है ।

आपकी दीन हीन सर्व साधन विहीना पुत्री
कस्तूरी